राज्यपाल सचिवालय
राजभवन, जयपुर

राज्यपाल ने जन्म दिन पर राष्ट्रपति को व्यक्तिगत फोन कर बधाई और शुभकामनाएं दी

जयपुर, 20 जून। राज्यपाल श्री कलराज मिश्र ने राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मु को उनके जन्मदिवस पर व्यक्तिगत फोन कर बधाई और शुभकामनाएं दी है।

श्री मिश्र ने जन्म दिन पर श्रीमती मुर्मु के स्वस्थ और सुदीर्घ जीवन की कामना करते हुए कहा कि राष्ट्र के लिए सतत ऊर्जावान रहते उनका समर्पित जीवन प्रेरित करने वाला है। उन्होंने कहा कि सभी वर्गों के कल्याण के लिए प्रतिबद्ध उनका नेतृत्व राष्ट्र को गौरवान्वित करने वाला है।